# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण,

**भूखण्ड संख्या–1, नॉलेज पार्क–4 ग्रेटर नोएडा सिटी,**
**जिला गौतम बुद्व नगर (उ0प्र0)**

पत्रांकः–ग्रे0नो0 / आई.टी / 2024 / 1434
दिनांकः– 03 / 10 / 2024

सेवा में,

M/s. Yashoda Hospital and Research Centre Ltd.
III-M, Nehru Nagar,
Ghaziabad-201001.

**विषयः–आई0टी0ई0एस0 योजनान्तर्गत आवंटित भूखण्ड सख्याः–01, सैक्टर–टेकजोन–07, ग्रेटर नोएडा के सन्दर्भ में।**

महोदय,

कृपया प्राधिकरण में प्रेषित अपने पत्र दिनांक 24.07.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके माध्यम से आपके पक्ष में आवंटित भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर–टेकजोन–07, ग्रेटर नोएडा के संबंध में Regional Director (NR) द्वारा दिनांक 29.08.2022 को पत्रांकः–233/T-2(2022)/X17692005/7239 के माध्यम से पारित आदेश को सलंग्न करते हुए आपके द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटन के समय आपकी कम्पनी का नाम यशोदा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 था जोकि वर्तमान में डिर्मजर के माध्यम से यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0 हो गया है। अतः आपके द्वारा उक्त नाम परिवर्तन को प्राधिकरण रिकार्ड में दर्ज किये जाने हेतु अनुरोध किया गया।

उपरोक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्राधिकरण में उपलब्ध कराये गये उपरोक्त सन्दर्भित Regional Director (NR) द्वारा दिनांक 29.08.2022 को पत्रांकः–233/T-2(2022)/X17692005/7239 के माध्यम से पारित आदेश एवं अन्य प्रपत्रों / अभिलेखों के आधार पर प्राधिकरण रिकार्ड में दर्ज आपका नाम यशोदा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 के स्थान पर यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0 दर्ज किया जाता है। इसके अतिरिक्त योजना ब्रोशर / आवंटन / पट्टा प्रलेख एवं प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर लिये गये निर्णयों में प्राविधानित शर्ते / प्राविधान यथावत् रहेंगे।

नोटः– उक्त पत्र सम्परीक्षा के अधीन जारी किया जा रहा है। यदि भविष्य में आपको आवंटित भूखण्ड के सापेक्ष गणना, नीति, अनुपालन अथवा कोई त्रुटि पायी जाती है तो तदानुसार निकलने वाली देयता को प्राधिकरण के पक्ष में जमा कराया जाना होगा।

भवदीय,

(एन.के सिंह)
**विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)**

**प्रतिलिपिः–**

1. **मैसर्स** यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स प्रा0 लि0, रजि0 पता–एच–1, कौशाम्बी, गाजियाबाद, उ0प्र0–201010 को सूचनार्थ।

**विशेष कार्याधिकारी (आई0टी0)**

# YASHODA SUPER SPECIALITY HOSPITALS PVT. LTD.

**CIN: U85110UP2019PTC160386**

**Reg. Off.:** H-1, KAUSHAMBI, GHAZIABAD – 201010

**Phone No.:** 0120-4181900, 4189500

**Email:** accounts.ysshpl@yashodahospital.org


134

सेवा में,

दिनांक : 03/07/2025

जी. एम. प्लानिंग

ग्रेटर नोएडा इन्डस्ट्रियल डिवल्पमेन्ट ऑथेरिटी

ग्रेटर नोएडा

**विषयः ग्रेटर नोएडा इन्डस्ट्रियल डिवल्पमेन्ट ऑथेरिटी के अनुज्ञापन पत्र संख्या SM-07-Feb-2024:20333 दिनांक 06/03/2024 के अर्न्तगत संस्थान के नाम में त्रुटि सुधार हेतु प्रार्थना पत्र**

महोदय,

निवेदन है कि हमारे संस्थान यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर लिमिटेड को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा आवंटन पत्र संख्या 2365/IND/2002 दिनांक 15/01/2003 के अर्न्तगत भूखंड आवंटित किया गया था, जिसमें संस्थान का नाम 'यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर लिमिटेड' सपष्ट रुप से उल्लिखित है।

किन्तु दिनांक 06/03/2024 को निर्गत अनुज्ञापन पत्र संख्या SM-07-Feb-2024:20333 दिनांक 06/03/2024 के अर्न्तगत संस्थान का नाम त्रुटिवश 'यशोदा हॉस्पिटल' अंकित कर दिया गया है, जो कि वास्तविक एवं पंजीकृत नाम से भिन्न है।

इस त्रुटि के कारण, प्रार्थी को उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (U.P. RERA) से आवेदन आई.डी. संख्या ID1591180 के पंजीकरण के सम्बन्ध में पत्र संख्या 1706255/यू.पी.रेरा/परि.पंजी./ 2025-26 दिनांक 17/06/2025 प्राप्त हुआ है, जिसमें क्रमांक संख्या 5 के अन्तर्गत संस्थान के नाम को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त अनुज्ञापन पत्र में संस्थान के नाम को 'यशोदा हॉस्पिटल' के स्थान पर सही रुप में 'यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर लिमिटेड' संशोधित करने की कृपा करें, जिससे पंजीकरण प्रक्रिया बाधारहित सम्पन्न हो सके।

धन्यवाद।

**संलग्नकः**

1. आवंटन पत्र की प्रति (दिनांक 15/01/2003)
2. अनुज्ञापन पत्र की प्रति (दिनांक 06/03/2024)
3. उत्तर प्रदेश भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (U.P. RERA) के पत्र की प्रति (दिनांक 17/06/2025)

(अधीकृत हस्ताक्षरकर्त्ता)

**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–1, सेक्टर नॉलेजपार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी
गौतमबुद्ध नगर 201310

पत्रांकः–नियो0 / विविध / 2025 / 1754
दिनांक 16 / 07 / 2025

सेवा में,

मै0 यशोदा सुपर स्पेस्लिटी हॉस्पीटल प्रा0 लि0
एच–01, कौशाम्बी
गाजियाबाद।

विषयः– **ग्रेटर नोएडा इण्डस्ट्रियल डपलपमेन्ट अथोरिटी के अनुज्ञापन पत्र संख्या SM-07_Feb-2024-20333 दिनांक 06.03.2024 के अन्तर्गत संस्था के नाम में त्रुटि सुधार हेतु प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र एफटीएस–37982, दिनांक 23.06.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड संख्या–01, सैक्टर टेकजोन–7 ग्रेटर नोएडा के दिनांक 06.03.2024 को स्वीकृत मानचित्र पत्र में संस्था का नाम यशोदा हॉस्पीटल के स्थान पर आवंटन पत्र अनुसार मै0 यशोदा हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 के नाम संशोधन किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त के कम में अवगत कराना है कि दिनांक 06.03.2024 को स्वीकृत मानचित्र पत्र में संस्था का नाम यशोदा हॉस्पीटल के स्थान पर मै0 यशोदा हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर लि0 के नाम संशोधित माना जाये। पूर्व मानचित्र स्वीकृत पत्र में इंगित समस्त शर्तें यथावत रहेगी। नाम परिवर्तन से किसी भी प्रकार के विवाद हेतु आप/संस्था स्वंय जिम्मेदार होगें। यदि भविष्य में कोई ऑडिट आपत्ति प्राप्त होती है तो इस सम्बन्ध में जो भी कार्यवाही अपेक्षित होगी वह आपके स्तर से सुनिश्चित की जायेगी।

उक्त पत्र सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त जारी किये जा रहे है।

भवदीया,

16/7/2025

**(लीनू सहगल)**
महाप्रबन्धक(नियोजन एवं वास्तुकला)

# प्रारूप-घ (संलग्नक-3)
# औपबन्धिक (प्रोविजनल) अनापत्ति प्रमाणपत्र

**यूआईडी संख्या: UPFS/2023/100865/GBN/GAUTAM BUDDH NAGAR/23924/JD**

**दिनांक:23-11-2023**

प्रमाणित किया जाता है कि मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** (भवन/प्रतिष्ठान का नाम) पता **PLOT NO-01,SECTOR-TECHZONE-07,GREATER NOIDA** तहसील - **DADRI** प्लाट एरिया **41390.13 sq.mt** (वर्गमीटर), कुल कवर्ड एरिया **-** (वर्गमीटर), ब्लाकों की संख्या **5** जिसमें

| **ब्लॉक/टावर** | **प्रत्येक ब्लाक में तलों की संख्या** | **बेसमेन्ट की संख्या** | **ऊँचाई** |
|---|---|---|---|
| BLOCK A IT | 22 | 2 | 96.50 mt. |
| BLOCK C RESIDENTIAL | 26 | 2 | 82.95 mt. |
| BLOCK D INST | 7 | 2 | 29.70 mt. |
| BLOCK E INST | 9 | 2 | 36.30 mt. |
| BLOCK B COMMERCIAL | 4 | 2 | 20.90 mt. |

है। भवन का अधिभोग मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** द्वारा किया जायेगा। इनके द्वारा भवन में अग्नि निवारण एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्राविधान एन0बी0सी0 एवं तत्संबंधी भारतीय मानक ब्यूरो के आई0एस0 के अनुसार किया गया है। इस भवन को औपबन्धिक अनापत्ति प्रमाणपत्र, एन0बी0सी0 की अधिभोग श्रेणी **Assembly** के अन्तर्गत इस शर्त के साथ निर्गत किया जा रहा है कि प्रस्तावित भवन में अधिभोग श्रेणी के अनुसार सभी अग्निशमन व्यवस्थाओं के मानकों का अनुपालन पूर्ण रूप से किया जायेगा तथा भवन के निर्माण के पश्चात भवन के अधिभोग से पूर्व अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा। ऐसा न करने पर निर्गत प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाणपत्र स्वतः ही निरस्त मान लिया जायेगा, जिसके लिए मैसर्स **YASHODA HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE LTD.BIO-TECH PARK** अधिभोगी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा/होगें।

**Note :** अग्निशमन अधिकारी /मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा प्रेषित स्थलीय भोतिक निरीक्षण संस्तुति आख्या व अपलोडिड मानचित्रों के अनुसार सम्बन्धित सक्षम सत्ता प्राधिकारी को यह प्रोवीजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि उपरोक्त भवन के अध्यासन/ प्रयोग से पूर्व समस्त अग्निशमन व्यवस्थाऐ मानको के अनुसार अधिष्ठापित कराया जाना अनिवार्य है, यदि भवन स्वामी द्वारा बिना व्यवस्थाओ के अध्यासन किया जाता है, तो भवन के असुरक्षित अध्यासन हेतु सत्ता प्राधिकारी निगरानी रखे।

**"यह प्रमाण-पत्र आपके द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों , सूचनाओं के आधार पर निर्गत किया जा रहा है । इनके असत्य पाए जाने पर निर्गत प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा । यह प्रमाण-पत्र भूमि / भवन के स्वामित्व / अधिभोग को प्रमाणित नहीं करता है ।"**

**हस्ताक्षर (निर्गमन अधिकारी)**

**निर्गत किये जाने का दिनांक : 06-12-2023**
**स्थान : LUCKNOW**

Digitally Signed By
(Aman Sharma)
[A0269865B740788D0DE1F7D7C6707A357F263D40]
06-12-2023